वैश्विक खबर

यूनानी चिकित्सा पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

- यूनानी मेडिसिन पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का उत्तर पूर्व क्षेत्रों के विकास के मंत्री, पीएमओ में राज्य मंत्री और मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने उद्घाटन किया।
- युनानी दिवस के मौके पर नई दिल्ली में सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन यूनानी मेडिसिन ने कॉन्फ्रेंस को आयोजित किया था।
- इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीवनशैली की वजह से होने वाले रोग, स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। ये एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें पारंपरिक मेडिसिन सिस्टम महत्वपूर्ण रोल निभा सकती है।

राष्ट्रीय खबर

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अप्रैल 2018 तक डाक घरों में डिजिटल भुगतान सक्षम बनाएगा

- इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) विस्तार कार्यक्रम की प्रगति लगातार तेज बनी हुई है और अप्रैल 2018 तक इसका राष्ट्र व्यापी तरीके से आरंभ किया जाना निर्धारित है।
- मीडिया के कुछ हलकों में मंगलवार, 06 फरवरी, 2018 को इस प्रकार की खबरें प्रकाशित की गई थीं कि इस समय सीमा को संशोधित कर दिया गया है, लेकिन इस बारे में ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

रियर एडमिरल फिलीपोस जॉर्ज प्यूनुमुटिल, एनएम ने फ्लैग ऑफिसर नैवल एवियेशन (एफओएनए) के रूप में पद भार ग्रहण किया

राष्ट्रीय खबर

- लॉरेंस स्कूल, लवडेल एवं राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (67वां कोर्स) के एक पूर्व छात्र रियर एडमिरल फिलीपोस जॉर्ज प्यूनुमुटिल को 01 जनवरी, 1986 में भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया था।
- वह एक हेलिकॉप्टर पायलट हैं, जिन्होंने सी किंग 42 बी/सी एवं अलौटी पर क्वालिफाई किया था एवं आईएनएएस 330, कैरियर बॉर्न एएसडल्ब्यू सी किंग स्क्वॉड्रन का कमान किया है तथा नैवल एयर स्टेशन, आईएनएस शिक्रा के कमीशनिंग कमांडिंग अधिकारी थे।
- फ्लैग ऑफिसर ने डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में स्टाफ कोर्स एवं कॉलेज ऑफ एयर वॉरफेयर में हायर एयर कमांड कोर्स किया है।

जे पी नड्डा ने राष्ट्रीय कृमि निवारण अभियान को किया शुरू

राष्ट्रीय खबर

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने आज गुरुग्राम में राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस का उद्घाटन किया।
- इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा,"राष्ट्रीय कृमि निवारण अभियान के तहत देश के 32 करोड़ बच्चों का फायदा मिलेगा।
- राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है।

अासमा जहांगीर का निधन

निधन खबर

- जानी-मानी सीनियर वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता अासमा जहांगीर का रविवार को लाहौर में निधन हो गया।
- वह 66 साल की थीं।
- उन्हें दिल का दौरा पड़ने की वजह से हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, वहीं उनका निधन हो गया।
- कुलभूषण जाधव मामले में अासमा जहांगीर ने पाकिस्तान सरकार के खिलाफ आवाज उठाई थी।

स्टेट बैंक ने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का फंसा कर्ज बट्टे खाते में डाला

आर्थिक खबर

- देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने 2016-17 में 20,339 करोड़ रुपये के फंसे कर्ज को बट्टे खाते में डाल दिया।
- यह सरकारी बैंकों में सबसे अधिक राशि है जो बट्टे खाते में डाली गई है।
- इस प्रकार 2016-17 में बैंकों के बट्टे खाते में कुल मिलाकर 81,683 करोड़ रुपये की राशि डाली गई।

आधार कार्ड रजिस्ट्रेशन और अपडेट करवाने की कोई अंतिम तारीख नहीं

राष्ट्रीय खबर

- आधार का प्रबंधन करने वाली संस्था यूनीक आइडेंडिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया यह साफ कर चुकी है कि आधार रजिस्ट्रेशन और इसे अपडेट कराने की कोई अंतिम समय सीमा नहीं है।

- आप अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी अपने नजदीकी आधार केंद्र में जाकर आधार रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

दुनिया के सबसे अमीर शहरों में मुंबई 12वें पर

- भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई दुनिया के 15 सबसे अमीर शहरों में से एक है।
- मुंबई की कुल वेल्थ 950 बिलियन डॉलर (करीब 61 लाख करोड़ रुपये) आंकी गई है और यह इस सूची में 12वें नंबर पर है।
- दुनिया के सबसे अमीर शहरों की इस लिस्ट में 3 ट्रिलियन डॉलर (करीब 193 लाख करोड़ रुपये) की वेल्थ के साथ न्यू यॉर्क पहले नंबर पर है।
- यह जानकारी न्यू वर्ल्ड वेल्थ की हाल ही में जारी रिपोर्ट में दी गई है।

रैंकिंग खबर

यूएइ की बड़ी पेट्रोलियम कंपनी के ऑफशोर कन्सेशन में स्टेक खरीदेगा ओएनजीसी

- भारत के सबसे बड़े ऑइल ऐंड गैस एक्सप्लोरर ऑइल ऐंड नैचरल गैस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया अबू धाबी नैशनल ऑइल कंपनी को ऑफशोर ऑइल कन्सेशन में स्टेक खरीदेगा।
- शनिवार को इससे संबंधित एक कॉन्ट्रैक्ट पर ओएनजीसी हस्ताक्षर करेगा।
- इस कॉन्ट्रैक्ट पर साइन होने के बाद ओएनजीसी मार्च में खत्म होने वाले नए कन्सेशन में हिस्सेदारी खरीदने वाला पहला फर्म होगा।

राष्ट्रीय खबर

सिंह बंधुओं ने फोर्टिस से निकाले 500 करोड़

- देश की दूसरी सबसे बड़ी हॉस्पिटल चेन फोर्टिस हेल्थकेयर के शेयर्स शुक्रवार को 18 प्रतिशत चढ़े।
- कारण था फोर्टिस के फाउंडर और प्रमोटर शिविंदर सिंह और मलविंदर सिंह का कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा देना।
- सिंह भाइयों ने कंपनी से 7.8 करोड़ डॉलर (करीब 500 करोड़ रुपये) निकाल लिए।
- गुरुवार को सिंह ब्रदर्स ने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बाद इस्तीफा दे दिया था।

आर्थिक खबर

आधार अपडेट कराने के लिए 18 फीसदी जीएसटी

- आधार कार्ड को अपडेट कराना जल्द ही महंगा होने जा रहा है।
- यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आधार की अपडेट फी पर 18 % जीएसटी लगाने का फैसला किया है।
- इस फैसले के बाद आधार की डीटेल्स अपडेट कराना 5 रुपये मंहगा हो जाएगा।

आर्थिक खबर

वॉट्सऐप पेमेंट

- फेसबुक के स्वामित्व वाली मेसेजिंग सेवा कंपनी भारत में नए पेमेंट फीचर का ट्रायल कर रही है।
- टेकक्रंच ने गुरुवार देर रात कंपनी की योजनाओं से परिचित सूत्रों के हवाले से बताया कि यह फीचर फिलहाल बीटा मोड में है और इसलिए इसकी सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है, क्योंकि यह अभी व्यापक स्तर पर उपलब्ध नहीं है।

राष्ट्रीय खबर

- जब यह फीचर लॉन्च होगा तो नया वॉट्सऐप ई-वॉलेट प्लेटफॉर्म पेटीएम और पेमेंट फीचर वाले मेसेजिंग सेवाओं को कड़ी चुनौती देगा।
- गूगल द्वारा हाल में लॉन्च किए गए तेज वॉलेट को इससे कड़ी चुनौती मिलेगी।

सेल को तीसरी तिमाही में 43 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट

- सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी सेल का एकीकृत आधार पर नेट प्रॉफिट 31 दिसंबर 2017 को समाप्त तिमाही में 43.16 करोड़ रुपये रहा।
- सेल ने बीएसई को दी सूचना में यह जानकारी दी।
- कंपनी को इससे पूर्व वित्त वर्ष 2016-17 की इसी तिमाही में 794.84 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

आर्थिक खबर

एसबीआई को तीसरी तिमाही में 1,886.6 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान

- स्टेट बैंक समूह को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बड़ा नुकसान हुआ है।
- इसके अलावा बैंक का एनपीए भी बढ़कर करीब 2 लाख करोड़ रुपये हो गया है।
- चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,886.6 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान हुआ है।
- पिछले वित्त वर्ष में इसी तिमाही में समूह को 2,152 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

आर्थिक खबर

माइक्रोब्लॉगिंग कंपनी ट्विटर को पहली बार हुआ प्रॉफिट

- माइक्रोब्लॉगिंग कंपनी ट्विटर को पहली बार प्रॉफिट हुआ है। बाकी सोशल नेटवर्क्स से पिछड़ रहे ट्विटर ने इस तिमाही में फायदा दर्ज किया है।
- सैन फ्रैंसिस्को की कंपनी ट्विटर ने चौथी तिमाही में 91 मिलियन डॉलर यानी 585.7 करोड़ रुपये कमाए हैं।
- 2013 में पहली बार पब्लिक होने वाली कंपनी की यह पहली पॉजिटिव नेट इनकम है।
- ट्विटर ने पिछले साल के मुकाबले इस साल रेवेन्यू में भी 2 प्रतिशत का इजाफा किया है।

राष्ट्रीय खबर

मोदी ने अबू धाबी में पहले हिन्दू मंदिर की आधारशिला रखी

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में पहले हिन्दू मंदिर की आधारशिला रखे जाने के समारोह की आज आधिकारिक शुरूआत की।
- इस देश में करीब भारतीय मूल के करीब 30 लाख लोग रहते हैं।
- प्रधानमंत्री आधारशिला रखे जाने के आयोजन के साक्षी बने जिसे दुबई के ओपरा हाउस में लाइव स्ट्रीम किया गया।

राष्ट्रीय खबर